## सार-समाचार

### ए आई टूल्स एवं उसके उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**महू (इंदौर समाचार)।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय महाविद्यालय, महू में ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ढ्ढ ञ्शश्द्यह्य) टूल्स एवं उसके उपयोग÷विषय पर ज्ञानवर्धक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग एवं जिला कलेक्टर कार्यालय के ई ड्डगवर्नेंस दक्ष के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने की।अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की आवश्यकता है और विद्यार्थियों को इसका रचनात्मक एवं नैतिक उपयोग करना चाहिए। इंदौर जिलाधीश कार्यालय के ईड्ड गवर्नेंस दक्ष के अतुल कुमार पांडेय एवम सुश्री जागृति चौहान इस कार्यशालाल की मुख्य वक्ता थे,उन्होंने बताया कि ए आई (ढ्ढ) टूल्स का उपयोग शैक्षणिक,शोध एवं रोजगार संबंधी कार्यों में बहुत तीव्रता से हो रहा है। उन्होंने ए आई एप्लिकेशन जैसे वियो (1द्गश्), एंथ्रोपिक (ड्डठ्ठह्लद्धह्म्शश्चद्बष्), इलेवन लैब्स (द्गद्यद्ग1द्गठ्ठ द्यड्डड्ढह्य), एवं ग्रोक (द्दह्म्शद्म) आदि एप्लीकेशन का प्रभावकारी उपयोग करना भी विधार्थियों को सिखाया। वहीं जागृति चौहन ने डिजिटल अरेस्ट, डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ई-गवर्नेंस मैनेजर सुश्री कविता विश्वकर्मा व सुश्री अंकिता पोरवाल ने विद्यार्थियों के लिए ए आई प्रश्नोत्तरी संचालित करवाई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ मनोज नागर के संयोजन में किया गया।कार्यक्रम का संचालन पूजा श्रीवास्तव एवं रितु श्रीवास ने किया एवं आभार श्रीमती अर्पिता कन्नौजिया ने व्यक्त किया ।

### यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के खिलाफ समाजजनों ने आक्रोश जता रोक लगाने की मांग की, दिया ज्ञापन



**इन्दौर।** यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने समाजजनों के साथ इंदौर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर ज्ञापन सौंपा और फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल रोक की मांग की। इस दौरान समाजजनों ने चेतावनी दी यदि फिल्म रिलीज हुई तो सिनेमाघरों में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि फिल्म की कहानी में यादव समाज की महिला और मुस्लिम युवक के बीच प्रेम प्रसंग दर्शाया गया है, जो आपत्तिजनक है। इस तरह की प्रस्तुति से समाज की भावना आहत हो रही हैं और शहर में असंतोष की स्थिति बन सकती है। प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन से आग्रह किया कि कानून व्यवस्था के लिए फिल्म के प्रदर्शन पर रोक के लिए आदेश जारी किया जाए। इस अवसर पर नारायणी सेवा के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र यादव ने कहा कि फिल्म को लेकर समाज में व्यापक आक्रोश है। फिल्म सिनेमाघरों में प्रदर्शित की गई तो उसका तीव्र विरोध किया जाएगा। समाज के कुछ लोगों ने सिनेमाघरों में आगजनी और बवाल की चेतावनी भी दी है। प्रशासन ने ऐसे बयानों पर कड़ी नजर रखने की बात कही है। राजेंद्र यादव ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जाति और धर्म आधारित फिल्मों को सेंसर बोर्ड द्वारा अनुमति देने से पहले विशेष सावधानी बरती जाए।

### अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली, परिजनों की तलाश



**इंदौर।** राऊ रेलवे स्टेशन पर एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली है, जिसकी उम्र लगभग 65 साल के आसपास बताई जा रही है। उक्त मृतक के बारे में ऐसा माना जा रहा है कि वह व्यक्ति ट्रेन से गिरकर मृत्यु को प्राप्त हुआ है, लाश की सूचना मिलने पर जीआरपी चौकी में मार्ग कम कर जांच की जा रही है। वहीं मामले में मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है जिसके लिए विभिन्न मोबाइल नंबर 7000563378/7049150465 दिए गए हैं, जिस किसी को भी मृतक व्यक्ति के बारे में जानकारी हो वह तुरंत इन नंबरों से संपर्क करें।

### जातिसूचक गालियां देकर कार में तोड़फोड़, गिरफ्तारी न होने पर संगठन ने दिया ज्ञापन



**पीथमपुर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर में जातिसूचक गालियां देने, मारपीट और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर सामाजिक संगठन वाल्मीकि सेना ने थाना प्रभारी सेक्टर-1 को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि फरियादी संजय पिता भोलाराम गोस्वर (उम्र 39 वर्ष), निवासी प्रीति नगर, पीथमपुर के साथ 23 फरवरी 2026 की दोपहर करीब 1:30 बजे काजल गारमेंट के सामने हमला किया गया। आरोप है कि जय जाट, विक्र जाट एवं श्रवण जाट ने मिलकर फरियादी की कार में तोड़फोड़ की, जातिसूचक गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीथमपुर सेक्टर-1 थाने में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। संगठन के प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि समय रहते आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पीड़ित और उसके परिवार की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कानून के तहत मामला दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई में देरी से समाज में असंतोष बढ़ रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# शासन ने मांगे नहीं मानी तो प्राइवेट बसें 2 मार्च से होंगी बंद, दिया ज्ञापन


**महू (इंदौर समाचार)।** मध्य प्रदेश के निजी बस संचालकों ने सरकार की नई दंडात्मक नीति के विरोध में 2 मार्च से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। बस मालिकों का कहना है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो पूरे प्रदेश में बसों के पहिए थम जाएंगे।

प्राइवेट बस ओनर्स एसोसिएशन ने मोटरयान अधिनियम में किए गए हालिया संशोधनों पर कड़ी आपत्ति जताई है। बस संचालकों का कहना है कि 24 दिसंबर 2025 और 29 जनवरी 2026 को जारी किए गए नए नियम उन पर भारी आर्थिक बोझ डालेंगे। सागर में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन संशोधनों को वापस लेकर पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए।

### तहसीलदार को दिया ज्ञापन

इसी कड़ी में शुक्रवार को महू उप नगरी बस एसोसिएशन के सदस्यों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार विवेक सोनी को ज्ञापन सौंपा। बस मालिकों ने ज्ञापन में बताया कि यदि शासन ने मांगे नहीं मानी तो वे 2 मार्च से स्वेच्छा से बसों का संचालन बंद कर देंगे।

### सरकार और बस संचालकों के बीच इन मुद्दों पर मतभेद



स्टेज कैरिज परमिट शर्तों में बदलाव : रूट आवंटन और नवीनीकरण प्रक्रिया को जटिल और महंगा बनाया गया।

किराये पर नियंत्रण बढ़ती डीजल कीमत और संचालन लागत के बाद भी किराया संशोधन का लचीला प्रावधान नहीं है।

परमिट/नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी – फीस संरचना से ज्यादा आर्थिक दबाव पड़ेगा।

निजी और कॉन्ट्रैक्ट कैरिज के बीच नई शर्तें – स्टेज कैरिज बसों का व्यवसाय प्रभावित होगा।

सख्त पेनाल्टी: परमिट उल्लंघन पर भारी जुर्माना और निरस्तीकरण की आशंका है।

सरकारी/नगर परिवहन को प्राथमिकता – निजी बसों के रूट प्रभावित होंगे।

### यात्रियों की होगी मुसीबत

हड़ताल का सबसे ज्यादा असर आम जनता और नौकरीपेशा लोगों पर पड़ेगा। महू से इंदौर, पीथमपुर और मानपुर जैसे रूटों पर रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं। बसों के बंद होने से इन रूटों पर आवागमन पूरी तरह ठप हो सकता है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### किराए का 10 प्रतिशत तक वसूलेंगी कंपनियां

फिलहाल प्रति किलोमीटर किराया 1.25 रुपए है। नई नीति के बाद किराया बढ़ाकर 1.75 रुपए करने का प्रस्ताव है। संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि सरकार को ज्ञापन सौंप दिया है। यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो प्रदर्शन किया जाएगा। हम जनता को परेशान नहीं करना चाहते लेकिन सरकार की नीति के खिलाफ हैं।

मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के महामंत्री जयकुमार जैन ने बताया कि सरकार नई नीति के तहत लोकल रूट के लिए बसों के परमिट देगी। किराया सात नई कंपनियां तय करेंगी जबकि ड्राइवर, स्टाफ और ईंधन की जिम्मेदारी बस ऑपरेटरों की ही रहेगी। किराए की राशि कंपनियां तय करेंगी और हमसे कमीशन लिया जाएगा। ये कंपनियां किराए का 10 प्रतिशत तक वसूलेंगी।

# राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख कास्मरण दिवस मनाया गया

**महू (इंदौर समाचार)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय विचार मंच द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी तथा भाजपा के संस्थापक एवं महावाक्य के जनक राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के 16वें पुण्य स्मरण दिवस के अवसर पर दिनांक 27 फरवरी 2026 को सायं 5 बजे स्थानीय भाजपा कार्यालय, महू में श्रद्धांजलि व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के आरंभ में दीनदयाल मंच के मुख्य अतिथि रामलाल प्रजापति, वरिष्ठ अभिभाषक शेखर बुंदेला एवं संरक्षक राजेन्द्र हर्षवाल व श्रीमती उमा गोयल द्वारा नानाजी देशमुख की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित जनसमुदाय ने पुष्प द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ अभिभाषक रामलाल प्रजापति एवं शेखर बुंदेला ने अपने उद्बोधन में नानाजी देशमुख के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला और नानाजी के मुखारविंद से निकले महावाक्य ÷मैं अपने लिये नहीं, अपनों के लिये हूँ, मेरे अपने कौन? जो पिड़ित और उपेक्षित हैं÷ से जनसमुदाय को अवगत कराया। नानाजी ने अपने जीवनकाल में रचनात्मक, सृजनात्मक कार्यों को गति प्रदान करते हुये सदैव राष्ट्रसेवा, जनसेवा और समाजसेवा को प्राथमिकता दी।

भारत वर्ष में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना नानाजी के द्वारा ही की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धन्नालाल मंजे, श्रवण पण्डित, जितेन्द्र मोरे, मनीष पाल, कमल किशोर गर्ग (तोई काका), मोहित अग्रवाल (बापू), श्रीमती उमा गोयल, श्रीमती दीपमाला विबाल, श्रीमती सारिका कौशल, श्रीमती सविता यादव, रंजीत विबाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धन्नालाल मंजे ने किया एवं आभार जितेन्द्र मोरे ने माना। उक्त जानकारी दीनदयाल विचार मंच के संरक्षक राजेन्द्र हर्षवाल ने दी।

### बायपास पर दो ट्रक शराब जब्त

**इंदौर।** बायपास पर दो ट्रकों में भारी मात्रा में अवैध शराब होने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, शाम पांच बजे मुखबीर ने बताया कि दो ट्रक देवास की ओर शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम को मौके पर रवाना किया गया। पुलिस को देखकर ट्रक खड़ा कर चालक भाग निकले। ट्रक में 100 से अधिक काटूर्नों में बड़ी मात्रा में शराब भरी थी। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की, लेकिन अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि शराब कहां से लाई जा रही थी और कहां डिलीवर की जाना था। ट्रक नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी चालकों का पता लगाने में जुटी है।

### गैस रिसाव से लगी आग, परिवार के 5 सदस्य झुलसे

**इंदौर।** एक घर में गैस रिसाव के कारण आग लग गई। इस आग में परिवार के पांच सदस्य झुलस गए। घटना मूसाखेडी क्षेत्र के किराई मोहल्ला में गुरुवार दोपहर की है। हादसा उस समय हुआ जब परिवार के सदस्य दोपहर का भोजन कर रहे थे। घर में अंकित, रोहित, राजेश और उनके भांजे-भांजी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि रसोई में अचानक गैस रिसाव हुआ और चूल्हे की लौ के संपर्क में आते ही आग भड़क उठी। देखते ही देखते लपटों ने पूरे किचन को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगने की खबर से घर में चीख-पुकार मच गई।

## फिसलने के बाद बुलेट में लगी भीषण आग, चालक बाल-बाल बचा



**पीथमपुर।** सेक्टर-1 थाना क्षेत्र के अंतर्गत पावर हाउस-महेंद्र हाउसिंग रोड पर शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार फिरोज उर्फ रोज पटेल अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी अचानक वाहन फिसल गया और सड़क पर गिरते ही बाइक में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गिरने के बाद बाइक से पेट्रोल रिसने लगा, जिससे कुछ ही क्षणों में वाहन आग की लपटों में घिर गया। देखते ही देखते बुलेट धू-धू कर जलने लगी और आसपास अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दूर हटकर अपनी जान बचाई और चालक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बताया जा रहा है कि हादसे में चालक को हल्की चोटें आई हैं, जबकि मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों ने पानी और अन्य साधनों से आग बुझाने की कोशिश की, बाद में आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-1 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक रूप से दुर्घटना का कारण बाइक का फिसलना और पेट्रोल लीकेज बताया जा रहा है।

# जीवन में भक्तो को कृष्णमय हो जाना चाहिए

**इंदौर।** जीवन में भक्तो को कृष्ण मय हो जाना चाहिए,प्रत्येक मनुष्य में परमात्मा का वास होता है,भारतीय संस्कृति में प्रत्येक दिन माता पिता को चरण स्पर्श किया जाता है, संस्कृति का पालन जरूर करना चाहिए।

माता पिता अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें,उन्हे संस्कारित करें, सत्संग में अपने बच्चों को जरूर लेकर जाएं,जो अपने कुल,शास्त्रों से दूर हो रहे उन्हे इन सभी की जानकारी होना ही चाहिए,संसार में जब कोई काम नहीं आता तब कन्हैया ही काम आते हैं,भगवान से मिलाने का मार्ग ही साधु संत महापुरुष बताते है, इनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से ही जीवन में सफलताएं मिलती हैं, जीवन में दृढ़ निश्चय होना बहुत जरूरी है,जो व्यक्ति दृढ़ निश्चय



वाला होता है। यह बाते पंडित नीरज कृष्ण नयन महाराज ने विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा ऊषा नगर स्थित उषा राजे परिसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कही। आयोजन प्रमुख श्रीमती जया मिलिंद तिवारी और संयोजक योगेंद्र महंत ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया मंच को गुब्बारों और फूलो से आकर्षक सजाया गया, प्रभु श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ हाथी घोड़ा पालकी...जय कन्हैयालाल की...नंद के घर आनंद भयो... जय कन्हैयालाल की... की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा,माता यशोदा व नंद बाबा के भेष में मंच पर प्रभु बालगोपाल को देख श्रद्धालु आनंदित हो उठे,प्रभु को तिलक करके माखन मिश्री का भोग लगाया,सैकड़ों महिलाओ ने भजनों पर नृत्य किया, जन्मोत्सव में पारंपरिक परिधान में महिलाएं पीली साड़ी व पुरुष पीले कुर्ते पजामे पहनकर सम्मिलित हुए, फूलो की पंखुड़ियां बरसाई गई, सभी भक्तों ने कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद लिया,। व्यासपीठ का पूजन अर्चन पंडित दीपेश व्यास,दीपक जैन टीनू, संतोष शर्मा, नागेश गर्ग,नरेंद्र जैन भटेवरा सहित अन्य ने किया। कथा के दौरान दिव्या संतान प्रकल्प का भी आयोजन हुआ जिसमें डॉक्टर अनिल गर्ग ने संबोधित किया। पंडित योगेंद्र महंत श्रीमती अर्पणा जोशी श्रीमती सावित्री महंत सहित अन्य सम्मिलित हुए।

# चोरी का माल बेचने के पहले ही पकड़ाया

**इंदौर।** बेटमा थानांर्गत जीवन ज्योति कॉलोनी में हुई चोरी का पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 लाख 45 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि निहाल ठाकुर नामक युवक चोरी के जेवर बेचने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने निहाल ठाकुर पिता नेपालसिंह ठाकुर निवासी काली बिल्लोद, थाना बेटमा को हिरासत में लिया। सघन पूछताछ में आरोपी ने जीवन ज्योति कॉलोनी में नकबजनी की वारदात कबूल कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी निहाल के साथी सौरभ पिता राम लोचन पटेल निवासी प्रभातम कॉलोनी को भी मामले में आरोपी बनाया है, जो फिलहाल फरार है। पुलिस फरार आरोपी सौरभ की तलाश कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही उसकी गिरफ्तारी के बाद और भी चोरियों का खुलासा हो सकता है।

## कोकीन तस्करी में एक और बदमाश पकड़ाया

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने कोकीन के साथ एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता पहले पकड़े गए आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर मिली। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर नशा सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां खंगाली जा रही है। डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने तोहिद शेख को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कुछ्छ दिन पहले असद नामक आरोपी को पकड़ा गया था जिसके पास से करीब 10 ग्राम कोकीन बरामद हुई थी। पूछताछ में असद ने अपने नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम बताए थे जिनमें तोहिद शेख का नाम सामने आया था। पुलिस के अनुसार तोहिद शेख का नाम सामने आने के बाद से वह फरार चल रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आखिरकार क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से भी कोकीन बरामद की गई। अब पुलिस उससे ये जानकारी जुटा रही है कि वह शहर में कोकीन का सप्लाई कहां कहां करता था और किन किन लोगों तक यह पहुंचाएई जा रही थी। इसके लिए तस्कर को रिमांड पर लिया गया है।

# बिना परमिशन पार्टी करवा रहे वेकेशन विला सील, होगी संचालक पर कार्यवाही

**महू (इंदौर समाचार)।** महू-मंडलेश्वर मार्ग पर स्थित वेकेशन विला रिसॉर्ट को प्रशासन ने सील कर दिया है। रिसॉर्ट में आयोजित एक पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति घायल हो गया था। घायल को उपचार के लिए राऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की।

बताया जा रहा है कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात इंदौर निवासी कुछ लोगों ने रिसॉर्ट में पार्टी आयोजित की थी। इसी दौरान आपसी विवाद में एक युवक घायल हो गया।

### किराए पर दी जगह, नहीं भी परमिशन



बड़गोंदा थाना पुलिस जब मौके पर पहुंची तो जांच में सामने आया कि रिसॉर्ट संचालक ने बिना थाने को पूर्व सूचना दिए बाहरी लोगों को पार्टी के लिए परिसर किराए पर दिया था। इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए प्रशासन ने रिसॉर्ट को सील कर दिया।



संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह फार्म हाउस इंदौर निवासी विशाल शर्मा का बताया जा रहा है।

### संचालक पर दर्ज होगा केस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी ने क्षेत्र के सभी फार्म हाउस, होटल और रिसॉर्ट संचालकों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की पार्टी के लिए परिसर किराए पर देने से पहले संबंधित थाने को अनिवार्य रूप से सूचना दें और जरूरी दस्तावेज जमा कराएं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति के नशे, डीजे या युवक-युवतियों की पार्टी आयोजित करने पर संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वेकेशन विला में आयोजित डांस पार्टी के मामले में पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही इस मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।